सं.16015/1/2022-पीएमआई

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 24 जुलाई, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह जून, 2024 के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उर्वरक विभाग का माह जून, 2024 का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अनिल फुलवारी)

निदेशक (पीएमआई)

दूरभाष: 011-23389839

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: उर्वरक विभाग का माह जून, 2024 का मासिक सार।

**1. माह के दौरान समग्र उत्पाद निष्पादन:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 24.66 | 75.62 |
| डीएपी | 3.44 | 10.00 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.58 | 1.44 |
| मिश्रित उर्वरक | 9.22 | 25.16 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 5.42 | 13.09 |

स्रोत: dbtfert.nic.in 04.07.2024 की स्थिति के अनुसार

**2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 31.83 | 133.56 | 30.52 |
| डीएपी | 11.70 | 29.66 | 10.49 |
| एमओपी | 1.91 | 8.61 | 1.40 |
| एनपीके | 15.20 | 64.31 | 13.78 |

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

**3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:**

| उत्पाद का नाम | मात्रा 'लाख मी.टन' में |
|---|---|
| यूरिया | 3.16 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 3.10 |
| डीएपी | 2.73 |
| एनपीके | 1.98 |

**4. जून, 2024 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजना की वृद्धिशील प्रगति:**

**(क) <u>तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करना:</u>**

टीएफएल की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 17 फरवरी, 2019 को रखी गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल प्रत्येक की साम्या 31.85% है और एफसीआईएल की साम्या 4.45% है। सीसीईए ने दिनांक 21.02.2024 को आयोजित बैठक में टीएफएल परियोजना में आरसीएफ द्वारा 2169.67 करोड़ रुपए (±10%) के कुल संशोधित साम्या निवेश को अनुमोदित किया।

**(ख) माह जून, 2024 के दौरान टीएफएलसंयंत्र की प्रमुख गतिविधियां और उपलब्धियां निम्नलिखित हैं: -**

(i) परियोजना की समग्र प्रगति 31 मई, 2024 तक 60.47% की तुलना में 30 जून, 2024 तक में 61.37% है। मुख्य रूप से वुहान इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (डब्ल्यूईसीएल) के साथ मुद्दों के कारण मई, 2024 से मासिक प्रगति लगभग ठप हो गई है।

(ii) जून, 2024 के महीने के दौरान प्रमुख गतिविधियां और उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:-

क. कोयला गैसीकरण पैकेज का सिविल ढांचा पूरा हो गया है।

ख. एयर सेपरेशन यूनिट में कंप्रेशर्स लगाने के लिए एयर कंप्रेसर ढांचा तैयार है।

ग. प्रिलिंग टॉवर को 95 मीटर/121 की ऊंचाई तक निर्मित कर लिया गया है ।

घ. सभी प्रमुख ओएसबीएल पैकेज सामान्य गति से प्रगति कर रहे हैं और 69% वास्तविक प्रगति हासिल की है।

ड़. वाटर पाइप लाइन और रेलवे साइडिंग पैकेज संतोषजनक रूप से चल रहे हैं।

(iii) अब तक वुहान इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (डब्ल्यूईसीएल) के साथ प्रमुख मुद्दे:-

क. <u>खरीद:</u> कोयला गैसीकरण में 24% और अमोनिया यूरिया में 31% खरीद का बैकलॉग मुख्य रूप से बैलन्स ऑर्डरिंग , विनिर्माण और कार्यस्थल पर उपकरण प्रेषण के कारण है।

ख. <u>निर्माण:</u> साइट पर अत्यधिक अपर्याप्त जनशक्ति और मशीनरी की तैनाती, जिसके कारण दोनों पैकेजों के लिए निर्माण गतिविधियों (सिविल और संरचनात्मक कार्यों) में 40% बैकलॉग हो जाता है।

ग. <u>उपकरणों का निर्माण:</u> बैकलॉग 90% से अधिक है जिसका मुख्य कारण कार्यस्थल पर उपकरणों का प्राप्त न होना, आधारशिलाओं का तैयार न होना और उपकरण को जुटाना आदि है। आज की तारीख तक दोनों यूनिटों के लिए कार्यस्थल पर केवल लगभग 20% उपकरण प्राप्त हुए हैं।

घ. <u>विक्रेताओं का भुगतान:</u> कई भारतीय विक्रेता, जिन्होंने पहले ही उपकरण साइट पर भेज दिए हैं और जिनके पास 'भेजने के लिए तैयार' उपकरण हैं, उन्हें डब्ल्यूईसीएल द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। पिछले 6-7 महीनों में डब्ल्यूईसीएल बिलों के लिए जारी किए गए लगभग 800 करोड़ रुपये का भुगतान विक्रेताओं को नहीं किया जा रहा है और यह वर्तमान स्थिति के लिए प्रमुख कारणों में से एक है।

(iv) श्री वू ज़ियाओबिन, उप परियोजना निदेशक, डब्ल्यूईसीएल, चीन ने 3 महीने के लिए टीएफएल साइट का दौरा किया। डब्ल्यूईसीएल द्वारा इंजीनियरिंग, खरीद, उपकरण के निर्माण और जनशक्ति की तैनाती के लंबित मुद्दों को हल करने के लिए 24.06.2024 को डब्ल्यूईसीएल के उप परियोजना निदेशक श्री वू ज़ियाओबिन के साथ टीएफएल/पीडीआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। परियोजना में वांछित प्रगति प्राप्त करने के लिए लंबित मुद्दों का समाधान करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

**5. व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल उपलब्ध बजट अनुमान 2024-25 के 168130.81 करोड़ रुपये के मुकाबले जून 2024 के दौरान उर्वरक सब्सिडी के प्रशासन पर व्यय 12899.72 करोड़ रुपये (यूरिया: 8563.49 करोड़ रुपये, पीएंडके: 4330.76 करोड़ रुपये, स्थापना: 2.94 करोड़ रुपये, डीबीटी: 1.87 करोड़ रुपये और गोबरधन के लिए एमडीए: 0.66 करोड़ रुपये) था। अप्रैल से जून, 2024 के दौरान प्रगतिशील व्यय 29042.39 करोड़ रुपये (यूरिया: 21111.32 करोड़ रुपये, पीएंडके: 7914.18 करोड़ रुपये, स्थापना: 12.31 करोड़ रुपये, डीबीटी: 2.07 करोड़ रुपये, पूंजीगत व्यय: 0.01 करोड़ रुपये और गोबरधन के लिए एमडीए: 2.50 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आवंटन का लगभग 17.27% था।

*******